अभ्यास कार्य -4

क्रम सं -4 हिंदी - XII मास - अगस्त

(1) अंतरा 1. रामविलास शर्मा — यथास्मै रोचते विश्वम्

1. 'साहित्य समाज का दर्पण है' - इस प्रचलित धारणा के विरोध में लेखक ने क्या तर्क दिए हैं ?
2. 15वीं - 16वीं सदी में हिंदी-साहित्य ने मानव जीवन के विकास में क्या भूमिका निभाई ?
3. साहित्यकार के लिए स्रष्टा और द्रष्टा होना अत्यंत अनिवार्य है-क्यों और कैसे ?
4. रामविलास शर्मा का साहित्यिक जीवन परिचय दीजिए।

2. हजारी प्रसाद द्विवेदी - कुटज

1. 'जीना भी एक कला है' — कुटज के आधार पर सिद्ध कीजिए।
2. पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि 'दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं'।
3. हजारी प्रसाद द्विवेदी की भाषा-शैली और रचनाओं पर टिप्पणी कीजिए।

3. ममता कालिया - दूसरा देवदास

1. निम्न वाक्यों का आशय स्पष्ट कीजिए-
   क. 'उसके चेहरे पर इतना विभोर विनीत भाव था मानो उसने अपना सारा अहम् त्याग दिया है, उसके अंदर स्व से जनित कोई कुंठा शेष नहीं है, वह शुद्ध रूप से चेतनस्वरूप, आत्माराम, निर्मलानंद है।'
   ख. 'एकदम अंदर के प्रकोष्ठ में चामुंडा रूप धारिणी मंसादेवी स्थापित थी। व्यापार यहाँ भी था।'
2. दूसरा देवदास कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए

4. घनानंद - कवित्त

1. घनानंद की प्रेमभावना पर टिप्पणी कीजिए।
2. घनानंद की भाषा संबंधी विशेषताएँ लिखिए।

(2) अंतराल - आरोहण

1. पर्वतारोहण पर्वतीय लोगों की दिनचर्या है, वही दिनचर्या अब जीविका का माध्यम बन गई है - कैसे?
2. शैला और रूप ने मिलकर किस तरह पहाड़ पर अपनी मेहनत से नई जिंदगी की कहानी लिखी?

बिस्कोहर की माटी

1. पाठ के लेखक का नाम लिखें तथा बताएँ कि यह अंश कहाँ से उद्धृत है?
2. 'बच्चे का माँ का दूध पीना सिर्फ दूध पीना नहीं, माँ से बच्चे के सारे संबंधों का जीवन-चरित होता है' - टिप्पणी कीजिए।

(3) अभिव्यक्ति और माध्यम - विशेष रिपोर्ट, पत्र लेखन

1. विशेष लेखन क्या है? कुछ विशेष क्षेत्रों के नाम लिखिए। (कम से कम 5)
2. 'बीट' किसे कहते हैं?
3. 'बीट रिपोर्टिंग' और 'विशेष रिपोर्टिंग' में क्या अंतर है?
4. विशेष लेखन की भाषा शैली कैसी होनी चाहिए?
5. विशेष रिपोर्टिंग की सूचनाओं के स्रोत कौन-कौन से हो सकते हैं?
6. विज्ञान के क्षेत्र में काम कर रही भारत की पाँच संस्थाओं के नाम लिखो।
7. पर्यावरण पर छपने वाली किन्हीं तीन पत्रिकाओं के नाम लिखो।
8. दिल्ली महानगर में स्त्रियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखो।

(20) Heart Beat